## मुख्यालय, नागपुर को न.रा.का.स.नागपुर द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन हेतु द्वितीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका- विस्फोटक दर्पण अंक 12 हेतु विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान ।







पुरस्कार सं.मु.वि.नि. डा.एस. कमल, उप- मु.वि.नि.एवं सं.हि.अ. श्री रजनीश पिपलानी, तथा हि.अ. श्रीमती वैशाली चिरडे, द्वारा ग्रहण किया गया ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (न.रा.का.स.), नागपुर द्वारा दिनांक 28.08.2013 को राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, नागपुर के प्रेक्षागृह में आयोजित न.रा.का.स. पुरस्कार वितरण में कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पेसो, नागपुर को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए **द्वितीय पुरस्कार तथा हिन्दी गृह पत्रिका विस्फोटक दर्पण अंक 12 हेतु विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।**

पुरस्कार संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक डा. एस. कमल, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी श्री रजनीश पिपलानी, तथा हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे, द्वारा ग्रहण किया गया । इस अवसर पर नराकास द्वारा संगठन की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को सूत्रधार पुरस्कार प्रदान किया गया ।

वर्ष 2012-2013 के लिए नराकास, नागपुर के तत्वाधान में विभिन्न कार्यालयों द्वारा आयोजित की गई अंतर-कार्यालयीन प्रतियोगिताओं में पेसो, नागपुर की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को मेरे कार्यालय के संदर्भ में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन की सार्थकता (पावर पॉईंट प्रस्तुतिकरण ) प्रतियोगिता हेतु श्रेणी मध्य में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया ।






हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे को मेरे कार्यालय के संदर्भ में हिन्दी पखवाड़ा आयोजन की सार्थकता (पावर पॉईंट प्रस्तुतिकरण) प्रतियोगिता हेतु सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार तथा सूत्रधार पुरस्कार प्राप्त हुआ ।







इसके अलावा कार्यालय के आशुलिपिक ग्रेड-2- श्री महेंद्र सायरे को यूनिकोड टंकण प्रतियोगिता हेतु द्वितीय पुरस्कार तथा कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक श्रीमती आरती भावे को एकाक्षरी चिंतन प्रतियोगिता में प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

# पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन(पेसो), नागपुर में हिन्दी पखवाडा संपन्न

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से संगठन के सभी कार्यालयों में हिन्दी दिवस के साथ हिन्दी पखवाडा बडे ही हर्षोल्लास से मनाया गया ।

कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक नागपुर (पेसो)में 10 सितंबर 2013 से 24 सितंबर 2013 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय द्वारा पखवाडा आयोजन समिति का गठन किया जिसकी अध्यक्षता कार्यालय के उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक श्री डी. के. गुप्ता द्वारा की गई जिन्होने पखवाडा आयोजन में समय समय पर अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया । हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे व्दारा पखवाडे के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं उससे जुडे सभी कार्यक्रमो का प्रबंधन एवं मंच संचालन किया गया ।





पखवाडे के शुभारंभ के अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय परिसर के "सी" ब्लॉक में कार्यालय के नए सम्मेलन कक्ष का उद्घाटन, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक- श्री टी. आर. तोमस द्वारा किया गया । इस अवसर पर कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर पखवाडे का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर मुख्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी, संगठन से जुडे कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी, संगठन के लेखा कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी, केन्द्रीय कार्यालय परिसर में स्थित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, आदि उपस्थित हुए ।









इस अवसर पर संगठन से जुडे तकनीकी विषय पर "एल.पी.जी. सुरक्षा संगोष्ठी" का आयोजन किया गया । भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के श्री संजय यादव, क्षेत्र समन्वयक (एलपीजी) ने बडे सरल सुलभ तरीके से घरेलु एल.पी.जी.सुरक्षा तथा इससे जुडी तकनीकी जानकारी पावर पॉईंट प्रेजेंटेशन तथा डेमो द्वारा दी तथा प्रेक्षको के सवालों के जवाब देकर उनकी शंकाओं का निराकरण किया ।

हिन्दी पखवाडे के अंतर्गत एक और हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया-"दाँतों से संबंधित समस्याएं तथा उपाय " जिसे कोलारकर मल्टीस्पेशालिटि डेंटल हॉस्पिटल के डॉ. अम्बरीश कोलारकर द्वारा संबोधित किया गया ।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले अनुदेशों का अनुपालन करते हुए सरकारी कामकाज हिन्दी में करने हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय द्वारा कार्यालय के तकनीकी अधिकारियों के लिए हिन्दी पखवाडे के अंतर्गत निम्नलिखित तीन तकनीकी प्रेझेंटेशन्स हिन्दी में आयोजित किए गए-

1. इंजिनियर्स इंडिया लि. तथा पेट्रोनेट एलएनजी लि. का विशाखापटनम में प्रस्तावित एलएनजी टर्मिनस से संबंधित प्रेजेंटेशन ।
2. जेएसडब्लु, जयगढ जि. रत्नागिरी के प्रस्तावित एलएनजी टर्मिनल प्रेजेंटेशन ।
3. बीपीसीएल, नोएडा के अधिकारियों द्वारा टैंक लॉरी के लिए उनके जीपीएस तथा जीपीआरएस लॉकिंग सिस्टम का प्रेजेंटेशन ।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढावा देने के उद्देश्य से हिन्दी पखवाडे के अंतर्गत अधिकारियो/कर्मचारियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच उपलब्ध करते हुए विभिन्न प्रतियोगिजाएं आयोजित की, जैसे-

हिन्दी टंकण (यूनिकोड) , हिन्दी टिप्पण-आलेखण, हिन्दी निबंध, हिन्दी शब्द ज्ञान, हिन्दी श्रृतलेखन, चित्र पर आधारित कहानी लेखन, लोगो एवं पंच लाईन, अंताक्षरी आदि ।

सभी प्रतियोगीताओं में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बडे उत्साह के साथ बढचढकर भाग लिया । मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय के निर्देशानुसार कार्यालय के सभी तकनीकी अधिकारियों को इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में नामित किया गया । इस तरह प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का हिन्दी पखवाडे में महत्वपूर्ण योगदान रहा तथा अपना मूल उद्दश्य - राजभाषा प्रचार-प्रसार सफल प्रतीत हुआ ।

इसके अलावा सरकारी कामकाज हिन्दी में प्रभावी रूप से करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कार्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध संदर्भ ग्रंथ/राजभाषा हिन्दी के महान रचनाकारों/हिन्दी साहित्य/वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य/आदि विषय की हिन्दी "पुस्तको की प्रदर्शनी" आयोजित की गई । पेसो, नागपुर के सेवानिवृत्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक श्री अजय निगम जो पखवाडा मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे, उनके द्वारा इस पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं पुस्तको के उपयोगी संग्रह की सराहना की गई ।

अधिकारियो/कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति का साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से, कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रचनाओं/विचारों को एक नया आयाम देने के लिए संगठन की हिन्दी गृह पत्रिका ***विस्फोटक दर्पण*** के अंक 13 का प्रकाशन किया गया । इस पत्रिका का संपादन कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे व्दारा किया गया ।

हिन्दी पखवाडे के समापन समारोह में मुख्य अतिथी के रूप में आमंत्रित पेसो, नागपुर के सेवानिवृत्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक - श्री अजय निगम द्वारा पेसो में राजभाषा हिन्दी के बढतें प्रयोग से प्राप्त हुए राजभाषा कार्यान्वयन हेतु द्वितीय पुरस्कार, हिन्दी गृह पत्रिका हेतु विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार तथा हिन्दी अधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों को प्राप्त व्यक्तिगत पुरस्कारो पर बधाई दी गई तथा विभागाध्यक्ष एवं मुख्य विस्फोटक नियंत्रक श्री टी.आर. तोमस जी एक गैर-हिन्दी भाषी होने के बावजूद कार्यालय में पखवाडे के दौरान तीन प्रेजेन्टेशन्स को पूर्णत: हिन्दी में आयोजित करना प्रशंसनीय बताया । उन्होने हिन्दी अधिकारी के योगदान की भी प्रशंसा की तथा संगठन के कई कार्यालयों को लगातार मिल रहें पुरस्कारो की सराहना की । उन्होनें कार्यालय के सभी अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाए गए इस पखवाडें पर खुशी जताई किंतु अपने राष्ट्र






की अपनी कोई राष्ट्रीय भाषा न होने पर उन्होने दुख जताया और इस ओर कार्य किए जाने की आवश्यकता बताई ।

श्री टी. आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय ने गृह पत्रिका 'विस्फोटक दर्पण' के तेरहवे अंक को उत्कृष्ट बताते हुए सभी से आगामी अंक और अधिक बेहतर बनाने हेतु अपना योगदान देने का अनुरोध किया।







उन्होने सभी को यह भी सूचित किया कि नागपुर के साथ साथ संगठन के अन्य कार्यालय जैसे कि आगरा, फारिदाबाद, कोलकाता, जयपुर आदि को भी नराकास तथा राजभाषा विभाग से समय समय पर पुरस्कार मिलना इसी बात का द्योतक है कि पेसो में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग में निरंतर प्रगति हो रही है और आनेवाले वर्षों में इसमें और भी वृद्धी होगी । इस अवसर पर कार्यालय के संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय श्री पी. सी. श्रीवास्तव द्वारा मार्गदर्शन दिया गया ।











श्री रजनीश पिपलानी, उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा गृह मंत्रीजी का संदेश अनुपालनार्थ पढकर सुनाया गया तथा हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे व्दारा समस्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन की उपलब्धियों की जानकारी दी गई । श्री संजॉय सेन, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण दिया गया । श्री डी.के. गुप्ता, उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं श्री एस. के. दीक्षित, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा कविता पाठ किया गया । कुछ ही समय पहले कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए श्री के. एन. ठाकरे ने अतिथि महोदय के साथ अपने कार्यानुभव साझा किए और कार्यालय में निगम साहब के प्रभावी मार्गदर्शन में आयोजित विभिन्न आयोजनों की यादें ताजा करते हुए भावविभोर हुए । उन्होने सभी के अनुरोध पर सुमधुर गीत गाकर वातावरण संगीतमय बनाया ।






इसके पश्चात अतिथि महोदय द्वारा पखवाडे के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं सरकारी कामकाज (टिप्पण /आलेखण) मूल रूप से हिन्दी में करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए । अतिथि तथा मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जारी पुरस्कारों का वितरण किया गया । तत्पश्चात संगठन की हिन्दी गृह पत्रिका "विस्फोटक दर्पण- अंक 13" का विमोचन किया गया ।




कार्यक्रम का समापन श्री आर. ए. गुजर, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव तत्पश्चात राष्ट्रगान से हुआ ।

............

## अंचल/उप अंचल कार्यालयों की राजभाषायी गतिविधियां/पखवाडा रिपोर्ट -

**आगरा**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, आगरा कार्यालय में दिनांक 02/09/2013 से 16/09/2013 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । इस वर्ष दिनांक 13 एवं 14 सितंबर 2013 को अंचल स्तर पर हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उपांचल कार्यालयों के प्रमुख अपस्थित थे । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के अतिरिक्त तकनीकी विषय पर तीन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया । इस आयोजन से त्रिस्तरीय लक्ष्य हासिल किया गया । एक ओर हिन्दी की कार्यशालाओं के आयोजन का लक्ष्य हासिल किया गया, वहीं दूसरी ओर कम्प्यूटर पर हिन्दी के प्रयोग को बढावा मिला एवं तकनीकी कार्य में भी हिन्दी के प्रयोग को बल मिला । आयोजित कार्यशालाओं का विवरण निम्नवत है –

| अ.क्र. | दिनांक | कार्यशाला का विषय | अतिथि वक्ता |
|---|---|---|---|
| 1. | 05/09/2013 | टैंक टेस्ट एवं सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी करने की ऑनलाईन प्रक्रिया | श्री अमित मोजा, प्रबंधक, मे. एच.पी.सी.एल., आगरा |
| 2. | 10/09/2013 | आर.ओ. में ऑटोमेशन | श्री एस. मेल्विन, प्रबंधक (ऑटोमेशन), मै. बी.पी.सी. एल., आगरा तथा श्री आकाश गुप्ता, इंजीनियरिंग अधिकारी, मै. बी.पी.सी.एल., आगरा |
| 3. | 13/09/2013 | ऑनलाईन प्रणाली द्वारा आर.ओ. के आवेदन पत्र जमा करना | श्री के. एस. चौधरी, मैनेजर इंजीनियरिंग, मै. आई.ओ. सी.एल., आगरा |

उक्त कार्यशालाओं के आयोजन से कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी प्राप्त होने के साथ ही ऑयल कंपनी के अधिकारियों को भी पेसो के अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ अपने विचार साझा करने का एक मंच मिला और उन्होने अपनी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान प्राप्त किया ।

दिनांक 13 एवं 14 सितंबर 2013 को उपांचल कार्यालयों के कार्य की समीक्षा हेतु त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपांचल कार्यालयों के राजभाषा संबंधी कार्य की समीक्षा की गई । उपांचल के कार्यालय प्रमुखों ने भी इस अवसर पर कार्यालयों में हो रहे राजभाषा से सम्बन्धित गतिविधियों/कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की तथा विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ रहने के दौरान उनके द्वारा किए गए राजभाषा संबंधी कार्यों के सबंध में तथा इस दौरान हुए विभिन्न अनुभवों को सबके साथ साझा किया ।

त्रैमासिक रिपोर्टों के मूल्यवर्धन के संबंध में कार्यालयाध्यक्ष महोदय के निर्देयशानुसार श्रीमती श्रावणी गांगुली, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक द्वारा एक पावर पोएन्ट प्रेजेन्टेशन तैयार कर हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रस्तुति दी गई एवं त्रैमासिक रिपोर्ट से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं, धारा 3(3) के अनुपालन, शिर्षस्थ प्रशासनिक बैठक आदि मदों को भरे जाने संबंधी मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा कर जानकारी प्रदान की गई ।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने बढचढ कर भाग लिया । दिनांक 17/09/2013 को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हिन्दी पखवाडे का समापन किया गया ।

**फरीदाबाद**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियन्त्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद में दिनांक 10/09/2014 से दिनांक 24/09/2013 तक राजभाषा हिन्दी के संवर्द्धन, अधिकाधिक प्रयोग एवं प्रचार प्रसार हेतु राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया। इस पखवाडे के दौरान विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने बढचढ कर भाग लिया ! विजयी प्रतिभागियों को कार्यालयाध्यक्ष महोदय द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। उक्त पखवाडे के दौरान दिनांक 13/9/2013 को कार्यालय में तिमाही हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला को श्री नरेश कुमार अरोड़ा, सहायक निदेशक (राजभाषा), विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, एनएच 4, फरीदाबाद ने **'**हिन्दी शब्दावली तथा नोटशीट लेखन**'** विषय पर अपना व्याख्यान देकर सम्बोधित किया।

**कोलकाता**

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पुर्वांचल, कोलकाता में दिनांक 06/09/2013 से 16/09/2013 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया । हिन्दी सप्ताह के दौरान दिनांक 09/09/2013 को श्री निर्मल कुमार दुबे, अनुसंधान अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र), राजभाषा विभाग, कोलकाता द्वारा राजभाषा के विकास हेतु कदम उठाने व हिन्दी तिमाही रिपोर्ट ऑनलाईन अपलोड करने संबंधी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । दिनांक 16/09/2013 को समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री पियूष कोल्हे, अतिरिक्त आयकर आयुक्त, कोलकाता द्वारा कार्यालय में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग हेतु किये गये कार्यों को सराहा गया ।

**रांची**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, रांची में दिनांक 02/09/2013 से 17/09/2013 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया । दिनांक 17/09/2013 को हिन्दी पखवाडे का समापन समारोह तथा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्री अरन्दिम सिन्हा, उप प्रबंधक अभियांत्रिकी, मै. बी.पी.सी.एल. रांची उपस्थित हुए

**गुवाहाटी**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, गुवाहाटी में दिनांक 09/09/2013 से 16/09/2013 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । हिन्दी सप्ताह के

समापन समारोह  में श्री बद्री यादव, अनुसंधान अधिकारी (हिन्दी), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर क्षेत्र), राजभाषा विभाग, गुवाहाटी को हिन्दी कार्यशाला के संचालन हेतु आमंत्रित किया गया था । उन्होने हिन्दी की उपयोगिता के बारे में सारगर्भित व्याख्यान दिया तथा हिन्दी के उत्थान के लिए कई तरीके बताये। अंत में सभी उपस्थित कर्मचारियों ने हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करने का संकल्प लिया ।

**देहरादून**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, देहरादून में दिनांक 02/09/2013 से 16/09/2013 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओ के आयोजन के अतिरिक्त तकनीकी विषय पर तीन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जो राजभाषा, संगठन की मुख्य धारा के तकनीकी कार्य एवं कंप्यूटरीकृत प्रणाली का संगम था ।  निम्नलिखित विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया था :

1. टैंक टेस्ट एवं सुरक्षा प्रमाणपत्र जारी करने की ऑनलाईन प्रक्रिया
2. आर.ओ. में ऑटोमेशन
3. ऑनलाईन प्रणाली द्वारा आर.ओ. के आवेदन पत्र जमा करना

कार्यशाला के दौरान पेट्रोलियम नियम 2002 के अंतर्गत ऑनलाईन नवीनीकरण संबंधित दिशा निर्देश पर हिन्दी अधिकारी द्वारा भी प्रस्तुति दी गई । सफलतापूर्वक हिन्दी की कार्यशालाओं के आयोजन का लक्ष प्राप्त किया गया एवं साथ-साथ तकनीकी कार्यों में भी हिन्दी के प्रयोगों को बढावा मिला ।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों ने बढचढ कर भाग लिया । दिनांक 16/09/2013 को हिन्दी पखवाडे का समापन किया गया एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा यह प्रतिज्ञा ली गई कि विगत वर्ष की भांति आगामी वर्ष में भी हिन्दी में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हो ।

**इलाहाबाद**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, इलाहाबाद में दिनांक 05/09/2013 से 19/09/2013 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया । दिनांक 18/09/2013 को श्री पी.सी. मिश्रा, सचिव, नराकास, इलाहाबाद ने राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2014 विषय पर हिंदी कार्यशाला का संबोधन किया । उन्होने वार्षिक कार्यक्रम के पालन करने एवं उसमें आ रही कठिनाईयों पर चर्चा की तथा उनके निराकरण हेतु सुझाव दिये ।

**जयपुर**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, जयपुर में दिनांक 09/09/2013 से 16/09/2013 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

**चण्डीगढ**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, चण्डीगढ में दिनांक 13/09/2013 से 20/09/2013 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

**मंगलूर**

कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, गुवाहाटी में दिनांक 13/09/2013 से 19/09/2013 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में समापन समारोह में श्री ललित सिंह, राजभाषा अधिकारी, एम.आर.पी.एल. ने मुख्य अतिथि के रूप के आकर कार्यालय में हो रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

**वर्धा**

कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, वर्धा में दिनांक 09/09/2013 से 14/09/2013 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

**निरीक्षण**

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा दिनांक 26.09.2013 को नई दिल्ली में संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान श्री टी.आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, श्री अनूप कुमार, उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, श्री रजनीश पिपलानी, उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं डॉ संजय सिंह, उप विस्फोटक नियंत्रक उपस्थित हुए ।

*******